फर्द अहकाम
(नियम–26)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चितौड़गढ़ (राज0)

श्री मनोज अग्रवाल पिता स्व. श्री रामलाल अग्रवाल निवासी शिव मंदिर के पास, पुराना बाजार, फतहनगर, जिला उदयपुर–313205

बनाम

उप पंजीयक एवं तहसीलदार, भूपालसागर, जिला चित्तौड़गढ़
किस्म प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
प्रकरण संख्या 85/2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23/07/21	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलार्थी श्री मनोज अग्रवाल पिता स्व. श्री रामलाल अग्रवाल निवासी पुराना बाजार, फतहनगर, जिला उदयपुर द्वारा सूचना प्राप्ति हेतु एक आवेदन दिनांक 08.06.2021 को उप पंजीयक एवं तहसीलदार, भूपालसागर को प्रस्तुत किया। उप पंजीयक एवं तहसीलदार, भूपालसागर द्वारा प्रार्थी को उक्त आवेदन पत्र से चाही गई सूचनाऐं उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस कार्यालय को प्रस्तुत की गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) का अपीलीय प्राधिकारी होकर लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध नही कराने पर ही अपील ग्रहण करता है। अपील के साथ संलग्न सूचना के अधिकार के तहत प्रस्तुत आवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त आवेदन उप पंजीयक भूपालसागर को सम्बोधित है एवं चाही गई सूचनाएं भी उन्ही से संबंधित है जो कि पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग का विषय है। उप पंजीयक, भूपालसागर के विरूद्ध प्रस्तुत अपील पर इस कार्यालय द्वारा सुनवाई की सक्षमता/क्षेत्राधिकार नहीं है। अतः अपीलार्थी को संबंधित अपीलीय प्राधिकारी (महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, अजमेर) के यहां अपील प्रस्तुत करने के परामर्श के साथ अपील निस्तारित की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को प्रेषित की जावे। (तारा चन्द मीणा) लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ (राज.)	

Web Copy - Not Official